# बीसलपुर का पानी सांगानेर को नहीं मिला, लेकिन कांग्रेस के मंत्रियों के क्षेत्र में जरूर पहुंचा : लाहोटी

## सांगानेर विधायक ने जयपुर में बीसलपुर पेयजल को राजनीति में उलझाने का आरोप लगाया कांग्रेस के मंत्रियों पर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के लोगों को मिलने वाला बीसलपुर का पानी भी कांग्रेस-भाजपा की राजनीति के बीच अटक गया। जहां सांगानेर के लोग पेयजल को तरस रहे हैं, वहीं जलदाय मंत्री महेश जोशी अपने और अपनी पार्टी के विधायकों के क्षेत्रों में इस पानी की सप्लाई करवाने में लगे है। बीसलपुर के पानी का स्टोरेज सांगानेर में होने के बावजूद यहां के लोग तरस रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के मंत्रियों के दवाब में यह पानी झोटवाड़ा, हवामहल, आदर्श नगर और किशनपोल क्षेत्र में जरूर पहुंच रहा है। यह आरोप सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी ने लगाये हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ खाली मटके हाथ में लेकर जलदाय विभाग के मुख्य अभियंता में धरना दिया और सांगानेर की पेयजल किल्लत की समस्या से रूबरू कराया।



सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी ने सैकड़ों स्थानीय लोगों के साथ शुक्रवार को मुख्य अभियंता के ऑफिस पहुंचकर खाली मटके लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

- उन्होंने कहा कि सांगानेर में पाइप लाइन डाले एक वर्ष बीता, लेकिन आज तक ना तो बीसलपुर का पानी मिला और ना ही तोड़ी गई सड़कें दुबारा बनाई गई
- लाहोटी का कहना है कि जलदाय विभाग ने जितना पैसा जेडीए में जमा करवाया है, उस रकम से पेयजल लाइनों के लिए तोड़ी गई सड़कें दुबारा नहीं बन पाएंगी

लाहोटी ने कहा कि सांगानेर में बीसलपुर पेयजल लाइन के लिए पाइप लाइन डाले एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन आज तक ना तो बीसलपुर का पानी मिला और ना ही तोड़ी गई सड़कें दुबारा बनाई गई। जबकि बीसलपुर पानी का स्टोरेज सांगानेर में किया जाता हैं। पानी की लाईन भी सांगानेर से गुजर रही है। उसके बावजूद भी सांगानेर की जनता प्यासी हैं। विधानसभा क्षेत्र सांगानेर के क्षेत्र में बीसलपुर फेज-1 का पानी सरकार की घोषणा के अनुसार 6 माह पहले ही पहुंच जाना था, कांग्रेस सरकार के मंत्रियों के दबाव में अधिकारियों ने जानबुझकर सांगानेर को पहले पानी देने के बजाय झोटवाड़ा, हवामहल, किशनपोल, आदर्श नगर और अन्य विधानसभाओं में पानी दिया जा रहा हैं। सांगानेर की जनता के साथ कांग्रेस सरकार ने धोखा-अन्याय किया है।

लाहोटी ने बताया कि डिग्गी रोड से टोंक रोड के बीच बीसलपुर पेयजल का चल रहा कार्य भी बहुत धीमी गति से अव्यवस्थित चल रहा हैं। बीच-बीच में कॉलोनियों-ढाणियों को भेदभाव करके छोड़ा गया हैं। सड़कों को पुनः ठीक भी नहीं किया गया है। जगह-जगह गड्डें, कीचड़ व पानी भरा हुआ है। प्रताप नगर में पानी की टंकी बनकर तैयार हो चुकी हैं, कॉलोनियों में लाईने भी डाल दी गई है परन्तु बीसलपुर पानी से नहीं जुड़ने के कारण आज तक क्षेत्र में पानी की सप्लाई सुचारू नहीं हो पाई हैं। लाहोटी ने बताया कि बीसलपुर फेज-2 में वार्ड 65, 66, 67, 68, 71, 74, 83, 88, 91, 96 के बाहर के बचे हुए समस्त एरिये को जल्द से जल्द लाईनें डालकर पानी चालू किया जाये।

लाहोटी ने मुख्य अभियंता को साफ कहा कि सांगानेर क्षेत्र में 200 किमी. सडकें पानी की लाईने बिछाते समय पूर्ण रूप से टूट चुकी है। जिसमें 75 किमी. की मुख्य सेक्टर रोड शामिल हैं। जलदाय विभाग के द्वारा जेडीए में पेचवर्क के नाम पर 35 करोड़ रूपये की राशि जमा करवाई गई थी जबकि उक्त राशि से पेचवर्क कार्य भी नही हो पायेगा। मौके पर सभी सड़के पूर्ण रूप से टूट चुकी है। सभी सड़के बनाने में लगभग 150 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

लाहोटी ने बताया कि द्वितीय पैकेज में डिग्गी रोड से टोंक रोड तक 350 किमी पाईप लाईने डाली जा रही है। ज्यादातर पाईप लाईने सड़कों के बीच में से डाली गई हैं, जिससे सड़के पूर्ण रूप टूट चुकी हैं।

इनमें पेचवर्क नहीं हो सकता, यह सड़कें दुबारा नई बनानी पड़ेंगी। जलदाय विभाग ने पेचवर्क के नाम पर मात्र 19 करोड़ रूपये ही जेडीए में जमा करवाये हैं। जबकि इन सड़को को बनने में लगभग 140 करोड़ रूपये की लागत आयेगी।

# सांगा बाबा का 500 किलो दूध से अभिषेक

## सांगा बाबा भौमियां जी मंदिर का दो दिवसीय पाटोत्सव संपन्न

**जयपुर (कासं)।** राजा सवाई मानसिंह प्रथम के नाम के साथ जुड़े सांगानेर के त्रिपोलिया गेट स्थित सांगा बाबा भौमियाजी मंदिर का 507 वां दो दिवसीय पाटोत्सव शुक्रवार को विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ संपन्न हुआ। वार्षिक मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सांगा बाबा भौमियां जी महाराज को धोक दी और श्रीफल अर्पित किए। सुबह नियमित पूजा-अर्चना के बाद सांगा बाबा भौमियां जी महाराज का वेद मंत्रोच्चार के साथ पांच सौ किलो दूध से अभिषेक किया गया। मुख्य यजमान वरिष्ठ पत्रकार डॉ. गोपाल शर्मा ने सांगा बाबा के भव्य मंदिर बनने की कामना के साथ पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया।

मंदिर के मंदिर के पुजारी सत्येंद्र अजमेरा, शैलेंद्र अजमेरा, विरेन्द्र अजमेरा (माहेश्वरी महाजन) ने पूजा-अर्चना करवाकर आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान विद्वानों ने सस्वर रुद्री पाठ किए।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सांगा बाबा भौमियां जी महाराज का अपने हाथों से दुग्धाभिषेक किया। अभिषेक के बाद दूध को चरणामृत प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

अभिषेक संपन्न होने के बाद सांगा बाबा भौमियां जी महाराज को सिंदूरी चोला धारण कराकर नवीन पोशाक धारण कराई गई। मालपुए और खीर का भोग लगाया गया। बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंट कर मनौती मांगी। दोपहर को मंदिर प्रांगण में भजन हुए। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। मनोज शर्मा सहित अन्य भजन गायकों ने देर रात तक हाजिरी दी। मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल शर्मा ने महाआरती की।

# एटीएम बूथ में तोड़फोड कर नकदी लूटने का प्रयास

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में अज्ञात दो बदमाशों ने एटीएम बूथ में घुसकर उसे तोड़फोड कर रूपये लूटने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। जानकारी मिलने पर केयरटेकर ने दोनो का पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन दोनो बदमाश उसे धक्का देकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने दोनो बदमाशों के खिलाफ एटीएम से छेड़छाड़ व नकदी चोरी का प्रयास का मामला दर्ज कर फुटेज के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि केयरटेकर जितेंद्र मौर्य ने मामला दर्ज कराया कि 19 सितंबर की देर रात दो लड़के एटीएम से छेड़छाड़ कर रहे थे। जिन्हे पकड़ने का प्रयास किया तो वह धक्का देकर फरार हो गए। जितेंद्र ने उन्हे पकड़ने का प्रयास में कच्ची बस्ती तक पीछा भी किया लेकिन आरोपी आंखों से ओझल हो गए। एटीएम मशीन को संभाला तो शटर की असेंबली टूटी हुई मिली और लोहे की पत्ती में फंसे हुए 500 के 20 नोट मिले।

# हनीट्रैप में फांसकर ब्लैकमेल करने वाली गैंग का पर्दाफाश

## मास्टर माइंड समेत पांच बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

- रेलवे कर्मचारी को घर बुला मारपीट की व अश्लील वीडियो बनाया, रुपए वसूले

**जयपुर (कासं)।** खोह नागोरियान थाना पुलिस ने रेलवे कर्मचारी को हनीट्रैप में फांसकर ब्लैकमेल करने वाली गैंग के मास्टर माइंड व युवती समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि जामडोली आगरा रोड निवासी युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह रेलवे में जॉब करता है। करीब 2 महीने पहले उसके मोबाइल पर एक अनजान लड़की का फोन आया और खुद का नाम अंजली बताकर मुझे पहले से जानने की कहकर बात करने लगी। फिर अंजली ने 16 सितंबर कॉल कर कहा कि हमारा नया मकान देखने आ जाओ, जिससे अपना मिलना भी हो जाएगा। 16 सितंबर को दोबारा कॉल कर नया मकान देखने बुलाया। लोकेशन भेजकर युवती ने गोवर्धन धाम कॉलोनी लुणियावास बुलाया और गेट खोलकर अंदर ले गई। कुछ देर बाद अंजली के साथ चार युवक भी कमरे में आ गए। उन लोगों ने मारपीट कर कपड़े उतरवा लिए और लड़की से संबंध बनाने के लिए कहा। बदमाशों ने लड़की के भी कपड़े उतरवा दिए और फिर दोनों के एक साथ फोटो-वीडियो बना लिए। न्यूड फोटो-वीडियो को भेजने की धमकी देकर 1 लाख रुपए मांगे। इज्जत बचाने के लिए युवक ने परिचितों से रुपए मंगवाकर ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने मुख्य सरगना ओम प्रकाश (41) निवासी नादौती करौली, रिंकू कुमार उर्फ अजय (21) निवासी बालघाट करौली, सोनू मीणा (21) निवासी पीलोदा गंगापुर सिटी, राजूदास उर्फ राहुल (28) निवासी मथुरा उत्तर प्रदेश और शिवानी राजपूत (22) निवासी गौतम नगर उत्तर पदेश को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया है कि सरगना ओम प्रकाश ने पूरी प्लानिंग बनाई थी। वह अपने चचेरे भाई को हनीट्रैप में फंसाकर 40 लाख रुपए ऐंठना चाहता था। इसके लिए उसने अपनी महिला मित्र शिवानी को प्लानिंग के तहत चचेरे भाई को फंसाने के लिए तैयार किया। शिवानी ने दो महीने में पूरी तरह दोस्ती में पीड़ित को फांस लिया था। इसके बाद घर पर हनीट्रैप के लिए न्यूड वीडियो बनाने के लिए दोस्तों को बुलाया। पीड़ित के घर पहुंचने पर शिवानी उसे रोकने का प्रयास करती रही। गैंग के सदस्यों के पहुंचने पर मारपीट कर न्यूड फोटो-वीडियो बनाए गए।

# नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर लगाया




**जयपुर, (का.सं.)।** विद्याधर नगर स्थित बियानी नर्सिंग कॉलेज एवं महावीर कैंसर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से इंटरनल मेडिसन के एमडी डॉ. एस के जैन, प्रीवेंटिव मेडिकल ऑफिसर ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. समरीन हाशमी, प्रीवेंटिव मेडिकल सीनियर ऑफिसर ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. निर्मला महावर उपस्तिथ हुए। केंप में संस्था के निदेशक डॉ. संजय बियानी ने के.जी कोठारी मेमोरियल ट्रस्ट को निशुल्क कैंसर जांच के लिए अपनी कृत्यज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि यदि हम समाज की सेवा करते हुए कैंसर को सही समय पर डिटेक्ट कर ले तो बहुत से लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। इस शिविर में कई नि:शुल्क जांच मैमोग्राफी, पैप स्मीयर परीक्षण, एक्स-रे, सीए 125, पीएसए व अन्य रक्त परीक्षण की जांच चिकित्सकीय परामर्श द्वारा की गई। इस दौरान 250 से ज्यादा लोग प्रतिभागी रहें। मौके पर कॉलेज की छात्राओं और फैक्ल्टी मैम्बर्स के अलावा आस पास के करीब 50 से 55 लोग भी शामिल हुए।

# सुगंध दशमी पर कल धूप से महकेंगे जिनालय

**जयपुर।** दिगंबर जैन समाज दशलक्षण महापर्व के तहत रविवार को सुगंध दशमी मनाएगा। कर्मों की निर्जरा के लिए श्रद्धालु श्रीजी के सामने चंदन की धूप का अग्नि पर खेवन करेंगे। मान्यता है कि धूप के पवित्र वातावरण से भगवान खुश होकर मानव को मोक्ष पद का रास्ता दिखलाते हैं। इसी भावना के साथ सभी जैन मंदिरों में सुगंध दशमी पर धूप खेई जाती है। कई मंदिरों से अंहिसा रैली निकाली जाएगी। सभी जैन मंदिरों में शाम को जैन धर्म की शिक्षा से जुड़ी झांकियां सजाई जाएगी। सूरजपोल गेट मोहनबाड़ी स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में तीर्थ बचाओ धर्म बचाओ की झांकी सजाई जाएगी। अजमेर रोड पाश्र्वनाथ कॉलोनी के पास नाथ दिगंबर जैन मंदिर में नेमी राजुल के वैराग्य की झांकी सजाई जाएगी। टोंक रोड पर जय जवान कॉलोनी के दिगंबर जैन मंदिर में शाम 6 बजे जैन रामायण पर आधारित सजीव झांकी सजाई जाएगी। सुशील कुमार रानीवाला झांकी का उद्घाटन करेंगे। मुख्य अतिथि जितेंद्र गंगवाल, रीता गंगवाल होंगे।

# मंत्रालयिक एकता मंच की समिति से वार्ता संपन्न

- प्रमुख शासन सचिव कार्मिक हेमंत गेरा की अध्यक्षता में गठित समिति से मंत्रालयिक संवर्ग की ग्रेड पे संशोधन और कनिष्ठ सहायक की शैक्षिणक योग्यता स्नातक करने की मांग पर चर्चा हुई

**जयपुर (कासं)।** मंत्रालयिक एकता मंच की शुक्रवार को मंत्रालयिक कर्मियों की मांगों के लिए प्रमुख शासन सचिव कार्मिक हेमंत गेरा की अध्यक्षता में गठित समिति से मंत्रालयिक संवर्ग की ग्रेड पे संशोधन व कनिष्ठ सहायक की शैक्षिणक योग्यता स्नातक करने पर वार्ता हुई।

मंत्रालयिक एकता मंच द्वारा कनिष्ठ सहायक की वेतन विसंगति सुधारने के लिए वर्ष 1998 से निरंतर किए गए संघर्ष, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के साथ किए गए लिखित समझौते तथा उसे यतेंद्र सिंह कमेटी के नाम पर 2007 तक इस लिखित समझौते को नकारे जाने के बारे में बताया। वर्ष 2013 में तत्कालीन प्रमुख वित्त सचिव डॉक्टर गोविंद शर्मा की अध्यक्षता में गठित समिति की कनिष्ठ सहायक का वेतन बढ़ाने की सिफारिश, 2016 में विधानसभा प्रश्न का लिखित में दिए गए जवाब आदि के साक्षी देते हुए कनिष्क की वेतन व समिति को सामने रखते हुए आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की मांग की गई। इसी के साथ दूसरी पदोन्नित पर ग्रेड पे 4200 किए जाने की मांग के पक्ष में तर्क रखे। समिति में प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा, वित्त सचिव बजट रोहित गुप्ता, संयुक्त सचिव कार्मिक जय सिंह, संयुक्त सचिव वित्त सुरेश वर्मा मौजूद थे। वार्ता में मंत्रालय के एकता मंच के शिष्टमंडल में प्रांतीय कोर कमेटी सदस्य एवं एकीकृत महासंघ प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र राठौड़, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक, राजस्थान मिनिस्टरियल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धाभाई, मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका शामिल थे।

# स्वदेशी जागरण मंच ने सरकार से पांच करोड़ रु. का मुआवजा मांगा

- राहुल गांधी की सभा के कारण स्वदेशी व स्वरोजगार मेले का भूमि आवंटन रद्द करने का मामला
- स्वदेशी जागरण मंच ने वी. टी. रोड मेला मैदान पर 23 से 30 सितम्बर को मेला आयोजित करने के लिए भूमि का आवंटन करवाया था

**जयपुर (कासं)।** राहुल गांधी की सभा के कारण 23 से 30 सितम्बर तक आयोजित होने वाले स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेला-2023 के लिए भूमि आवंटन निरस्त से छोटे व मझौले व्यवसायियों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए स्वदेशी जागरण मंच ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को ज्ञापन सौंपकर पांच करोड़ रुपए का मुआवजा मांगा है।

गौरतलब है कि 23 सितंबर से मानसरोवर में स्वदेशी एवं स्वरोजगार मेला-2023 का आयोजन होने वाला था। इसके लिए 13 जुलाई को ही राजस्थान आवासन मंडल में भूमि का किराया 6.32 लाख रु. जमा कर अनुमति व प्रशासनिक एन. ओ. सी. प्राप्त कर ली गई थी। लेकिन आवासन मंडल ने बाद में राहुल गांधी की 23 सितम्बर को सभा का हवाला देते हुए अचानक अनुमति निरस्त कर दी।

स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक देवेंद्र भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दबाव में राजस्थान आवासन मंडल ने अनुमति को निरस्त किया है। जब हमें अनुमति दी गई थी तो कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का कोई कार्यक्रम नहीं था, लेकिन बाद में आनन-फानन में उनका कार्यक्रम बनाकर हमारी अनुमति निरस्त कर दी गई। स्वदेशी मेले में देशभर से आए दस्तकारों व सूक्ष्म, लघु, कुटीर उद्योगों के तीन सौ स्टॉल लगने वाले थे। साथ ही 50 कंपनियों के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिलता। राज्य सरकार की हठधर्मिता के कारण हजारों नवयुवकों को रोजगार से वंचित रहना पड़ा है। मेले में आ रहे गरीब दस्तकारों व उद्यिमयों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। कलैक्टर प्रकाश राजपुरोहित को ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार से 5 करोड़ रूपए क्षतिपूर्ति देने की मांग की गई है। ज्ञापन देने के लिए संघर्ष वाहिनी प्रमुख महेंद्र शर्मा, प्रांत सम्पर्क प्रमुख धर्मेंद्र शर्मा, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. धर्मवीर चंदेल, यशदीप पाराशर, एडवोकेट अर्पिता माथुर, तनया गडकरी, लोकेश चंदेल मौजूद रहें।

# एस.आई. के घर से लाखों रुपए के गहने-नकदी चोरी

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में क्राइम ब्रांच में तैनात एसआई को परिवार के साथ सवाई माधोपुर जाना भारी पड़ गया। सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात नकबजन लाखों रुपए के गहने व हजारों की नकदी पर हाथ कर फरार हो गए। पीड़ित को मामले की जानकारी मेले से लौटने पर चली। जिसमें बाद पीड़ित ने थाने पहुंच अज्ञात नकबजनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नकबजनों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार जीवन विहार निवासी जय किशन (38 ) 17 सितंबर से 20 सितम्बर तक सवाई माधोपुर में मेले की सुरक्षा व्यवस्था की ड्यूटी पर गए हुए थे। सवाई माधोपुर में मेले होने के कारण वो अपने परिवार को मेला दिखाने के लिए अपने साथ ले गए। वापस लौटे तो मकान के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था और अंदर का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ मिला। अलमारी संभालने पर ज्वैलरी गायब मिली। बताया जा रहा है कि अज्ञात नकबजन अलमारी में रखा 7 तोला सोने का हार, ढ़ाई तोले सोने का हार, एक तोले सोने के 4 झूमके, 8 ग्राम सोने की चेन, 12 ग्राम सोने की चेन, 8 ग्राम सोने की अंगूठी, एक हीरे की अंगूठी, 17 ग्राम सोने का मंगल सूत्र, 8ग्राम दो सोने की बाली, 250 ग्राम चांदी की पायल, चुडिया, बिछिया व 70 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार हो गए।

## सार-समाचार

### 24 आरपीएस अधिकारियों के तबादले

**जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तबादलों का सिलसिला जारी है। इसके चलते गुरुवार रात को 24 आरपीएस अधिकारियों को बदला गया है। गृह विभाग की ओर से इसके लिए आदेश जारी किए गए है। आदेश के अनुसार पारस मल जैन को एडीसीपी जयपुर आयुक्तालय, धर्मवीर सिंह जानू को एएसपी परबतसर, दशरथ सिंह को एएसपी दूदू, जितेंद्र कुमार जैन को एएसपी झालवाड़, चिरंजी लाल मीणा को एएसपी बांसवाड़ा, सुभाष चंद्र शर्मा को एडीसीपी कंट्रोल रूम, जयपुर आयुक्तालय, रेवन्तदान को एडीसीपी साउथ जयपुर आयुक्तालय, शीला फोगावट को एडीसीपी इन्वेस्टिगेशन जयपुर आयुक्तालय, समीर कुमार दुबे को एडीसीपी, आसूचना एवं सुरक्षा, जयपुर आयुक्तालय, जस्साराम बोस को एएसपी सांचौर, हिमांशु जागिड़ को एएसपी ब्यावर, सिमरथा राम को एडीसीपी, पुलिस परामर्श केंद्र, जोधपुर आयुक्तालय, कान सिंह भाटी को एएसपी, अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, उदयपुर, विजय सिंह मीणा को एएसपी, एसीबी, अलवर दित्तिय, नरोत्तम लाल वर्मा को एएसपी खैरथल, विद्याप्रकाश को एएसपी अनूपगढ़, घनश्याम शर्मा को एएसपी बारां, चंद्र प्रकाश शर्मा को एडीसीपी, संगङ्गित अपराध, जयपुर आयुक्तालय, दिनेश कुमार यादव को एएसपी कोटपूतली-बहारोड, राकेश पाल सिंह को डिफ्टी कमांडेंट, एसडीआरएफ जयपुर, भोपाल सिंह लखावत को एडीसीपी, यातायात, जोधपुर आयुक्तालय, सुनील कुमार पंवार को कमांडेंट, पीटीएस, जोधपुर, रघुवीर सिंह कविया को एएसपी उच्चेन, भरतपुर, अंजना सुखवाल को एएसपी, एचसीएमयू, उदयपुर में तबादला किया गया है।

### दो हथियार तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना इलाके में पुलिस ने ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई कर दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कब्जे से दो देशी कट्टा, पांच जिन्दा व एक चाकू कारतूस बरामद किया है। इनमें ऐ कार्रवाई पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम तो दूसरी थाना पुलिस ने की है। डीसीपी ईस्ट ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गिरफ्तार आरोपी कपिल जाट पुत्र मिठ्ठु सिंह (26) निवासी भगवानपुर भुसावर भरतपुर हाल कि ओमेक्स सिटी बगरू है। आरोपी से एक देशी कट्टा व पांच जिन्दा कारतुस बरामद किए है। पुलिस पुछताछ में कपिल जाट ने बताया कि वह जयपुर शहर के कुछ बदमाशों के संपर्क में आने के बाद हथियार रखने लग गया था। कपिल शैडो फेक्स कंपनी में ऑटो से सांगानेर व प्रतापनगर इलाके में माल डिलीवरी करता है। वहीं नवम्बर 2019 को गैंग रेप के प्रकरण में सेज थाने से जेल जा चुका है। कपिल जाट ने जयपुर शहर में अन्य लोगों को भी हथियार देना कबूल किया है। वहीं दूसरी कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपी जुबेर पुत्र मोहम्मद जावेद (22) निवासी फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश हाल भौमियाजी का चबूतरा, सांगानेर है। प्आरोपी के कब्जे से 1 देशी कट्टा व 1 चाकू बरामद किया है। पूछताछ में बताया कि उसका जयपुर में सद्दाम अंसारी से झगड़ा होने पर फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश से 2500 रुपए में अवैध हथियार खरीदकर लाया था। आरोपी सांगानेर में दुकान लेकर कपड़े सिलाई का काम करता है।

### रियल कबड्डी सीजन-3 का आगाज

**जयपुर, (का.सं.)।** आत्लैंचर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित साल की सबसे बहुप्रचलित लीग रियल कबड्डी सीज़न 3 का आज जयपुर के सीतापुरा स्थित जी स्टूडियो में धमाकेदार शुरूआत हुई। कार्याक्रम की शुरुवात इंडिया गॉट टैलेंट फेम 'क्रेजी हॉपर्स' ने हैरतअंगेज़ प्रस्तुती से की उसके बाद शो के जजिज़ को मोहित करने वाली आस्था गिल ने अपने मनमोहक आवाज़ से दर्शकों के लिए ये शाम यादगार बना दी। उद्घाटन समारोह में भारतीय युवा आदर्श, रनविजय सिंघ भी मौजूद थे, जिन्होने हाल ही में इस लीग में हिस्सेदारी खरीदी है। उनके साथ वरुण सूद, अंगद बेदी, बसीर अली, शिव ठाकरे और श्रुति सिन्हा जैसे अन्य बॉलीवुड स्टार्स भी उपस्थित थे। लीग का पहला मुकाबला पिछले साल के उपविजेता चंबल पाइरेट्स और जोधाणा वॉरियर्स के बीच और दूसरा मुकाबला पिछले साल के तीसरे स्थान विजेता जयपुर जागुआर्स और सिंघ सूरमा के बीच कड़े मुकाबले हुए। आत्लैंचर स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और रीअल कबड्डी के सीईओ शुभम चौधरी, ने कहा कि हम यह चाहते थे कि हम एक मनोरंजक प्लैटफ़ॉर्म प्रदान करें जो खिलाड़ियों और दर्शक दोनों को लंबे अर्से तक याद रहे। टीमें पिछले कई दिनों से मेहनत कर रही हैं और हम सुनिश्चित हैं कि टूर्नामेंट आगे बढ़ते हुए हमें कुछ शानदार मैच देखने को मिलेंगे।

### चैक बाउंस के मामले में आरोपी बरी

**जयपुर, (का.सं.)।** सक्षम न्यायालय एन.आई.एक्ट प्रकरण क्रम संख्या 9 जयपुर महानगर द्वितीय ने चैक बाउंस के मामले में आरोपी को बरी कर दिया। आरोपी की ओर से अधिवक्ता नरेश सारवान ने की कोर्ट में पैरवी की। आरोपी के अधिवक्ता ने बताया परिवादी को रुपए लौटा देने के बाद भी बदनीय से परिवादी ने ज्यादा रुपए हड़पने की नीयत से कोर्ट में परिवाद दायर कर दिया था। जहां सारे रुपए आरोपी से परिवादी द्वारा पहले ही प्राप्त करने की बात न्यायालय की जानकारी में लाई गई जिसके बाद झूठे मुकदमे के डर से कई अवसर देने के बाद भी परिवादी न्यायालय के सामने उपस्थित नहीं हुआ। न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए आरोपी को बरी कर दिया।

### तेजा दशमी 25 को, कई जगह भरेंगे मेले

**जयपुर।** लोक देवता तेजाजी का जन्मोत्सव 25 सितंबर को तेजा दशमी के रूप में भक्तिभाव से मनाया जाएगा। तेजाजी के मंदिरों में मेले जैसा माहौल रहेगा। श्रद्धालु नारियल, पुआ-पकौड़ी, खीर सहित अन्य व्यंजनों का भोग लगकार मनौति मांगेगे। कई मंदिरों में पूर्व संध्या पर 24 सितंबर को रात्रि जागरण होंगे। मानसरोवर के वीटी रोड स्थित तेजाजी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचेंगे। पुरानी बस्ती, सीकर रोड, अंबावाड़ी, झोटवाड़ा, प्रतापनगर स्थित तेजाजी मंदिरों में भी तेजा दशमी की तैयारियां जोरशोर से चल रही है। न्यू सांगानेर रोड मुख्य सोडाला स्थित प्राचीन तेजाजी मंदिर में 25 सितंबर की सुबह से ही श्रद्धालुओं के जुटने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो देर रात तक चलेगा। श्रद्धालु तेजाजी के दर्शन कर ज्योत लेंगे। घरों में बने पकवान और पताशे का भोग लगाएंगे। श्रद्धालु तेजाजी महाराज से परिवार को जहरीले जीव-जंतुओं से रक्षा करने की कामना करेंगे।

### गोविंददेवजी मंदिर में राधाष्टमी आज



**जयपुर।** भाद्रपद शुक्ल अष्टमी शनिवार को राधाजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में होगा। शुक्रवार को मंदिर में अष्टप्रहर हरिनाम कीर्तन प्रारंभ हुआ। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने कीर्तनियों का तिलक कर दुपट्टा धारण कराकर सम्मान किया। इसके बाद मंदिर का जगमोहन हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण से गूंजामयान हो उठा। श्रृंगार झांकी के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने कीर्तन में नृत्य के साथ जुगलबंदी की। उधर, मंदिर के मुख्य द्वार पर शहनाई वादन भी प्रारंभ हो गया।राधाष्टमी के उपलक्ष्य में मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर में जगह-जगह बधाई संदेश और बांदरवाल लगाई गई। गोविंद देवजी मंदिर के प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि शनिवार 23 सितंबर को राधाष्टमी का मुख्य उत्सव होगा। सुबह मंगला झांकी के बाद तिथि पूजन किया जाएगा। इसके बाद प्रियाजी का 60 लीटर दूध, 40 किलो दही, दो किलो घी, पांच किलो बूरा, बीस किलो शहद से तैयार पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। नवीन पीत पोशाक धारण कराकर विशेष अलंकार धारण कराए जाएंगे। पंजीरी, लड्डू, मावे की बर्फी, और पंजीरी का भोग लगाया जाएगा। सुबह धूप झांकी खुलने पर ठाकुर जी का अधिवास पूजन किया जाएगा। छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। श्रृंगार आरती के बाद राधारानी को कपडे, फल, टॉफी, सहित अन्य सामान अर्पित कर उछाल की जाएगी। शाम को फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। गौर गोविंद महिला मंडल की ओर से भजन कीर्तन किया जाएगा।